# मॉडल प्रश्न–पत्र–II

**कक्षा – बारहवीं**

**विषय – राजनीति विज्ञान**

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**नोट– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**

**निर्देश– प्रश्न क्रमांक 1 में 4 खण्ड है। खण्ड–अ, खण्ड–ब, खण्ड–स, खण्ड–द। प्रत्येक खण्ड पर 5 अंक आबंटित है।**

प्रश्न 1. **(खण्ड– अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) राजनीति विज्ञान को ''मास्टर विज्ञान'' किसने कहा–

(अ) प्लेटो (ब) अरस्तु

(स) बेंथम (द) मार्क्स

(2) किसी देश का संविधान आधार प्रदान करता है–

(अ) अपराधियों को दंड देने का (ब) देश के प्रशासन

(स) नागरिकों के बीच संबंधों का (द) दूसरे देशों के साथ व्यापारिक संबंधें का

(3) राष्ट्रीय नीति का आरंभ किया गया–

(अ) सन् 1984 (ब) सन् 1986

(स) सन् 1988 (द) सन् 1989

(4) किस सदन के सदस्य निर्वाचक मण्डल के सदस्य नहीं होते–

(अ) राज्य सभा (ब) विधान सभा

(स) विधान परिषद (द) लोक परिषद

(5) मुख्यमंत्री राज्य में होता है–

(अ) राज्य का प्रमुख (ब) सरकार का प्रमुख

(स) देश (द) उपर्युक्त सभी

**(खण्ड–ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) निरंतर .................................. स्वतंत्रता का मूल्य है। (सतर्कता, स्वतंत्रता)

(2) मंत्रिमण्डल की बैठकों की अध्यक्षता .................................. करता है। (लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री)

(3) भारत के संविधान की व्याख्या करने की अंतिम शक्ति .................................. के पास है। (सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय)

(4) भारत में मतदान की न्यूनतम आयु .................................. है। (18 वर्ष, 21 वर्ष)

(5) पूर्व सेवियत संघ में .................................. व्यवस्था थी। (एक दलीय, बहुदलीय)

**(खण्ड–स) सत्य/असत्य लिखिये–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) क्षेत्रवाद में प्रायः राज्यों को केन्द्र से अधिक स्वायतत्ता की माँग करने हेतु उकसाया है।

(2) संविधान अन्य पिछड़े वर्गों की पहचान नहीं करता है।

(3) संविधान आतंक विरोधी देशों का एक गुट बनाने के लिए प्रयासरत है।

(4) गुटनिरपेक्ष और उदासीनता एक ही है।

(5) वैश्वीकरण केवल आर्थिक क्षेत्र तक ही सीमित है।

**(खण्ड–द) उचित संबंध जाड़िये–** $(1 \times 5 = 5)$

| | |
|---|---|
| (1) एफ.ए.ओ. का मुख्यालय | (अ) सीमित |
| (2) सी.टी.बी.टी. (महासभा में) | (ब) मैक्स वेबर |
| (3) केन्द्रीय सतर्कता | (स) 28 |
| (4) सर्वप्रथम नौकरशाही दार्शनिक | (द) 1996 |
| (5) भारत में राज्य | (इ) रोम |

**निर्देश– प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।**

प्रश्न 2. न्याय का अर्थ लिखिये। (2)

प्रश्न 3. विधान परिषद राज्य विधायिका का क्या है ? (2)

प्रश्न 4. कानून बनाना किसका कार्य है ? (2)

प्रश्न 5. इंग्लैण्ड की दो प्रमुख पार्टियों के नाम लिखो। (2)

प्रश्न 6. जाति व्यवस्था में जातियाँ किसके रूप में विभाजित है ? (2)

प्रश्न 7. जनसंख्या वृद्धि के दो कारण लिखिए। (2)

प्रश्न 8. शांति और स्थिरता लाने में कौन–सा देश महत्वपूर्ण योगदान दिया। (2)

प्रश्न 9. शीत युद्ध की समाप्ति किस सन् में हुई। (2)

प्रश्न 10. द्वितीय विश्व युद्ध में विजयी देशों के नाम लिखिये। (2)

प्रश्न 11. विभाजित होने वाले देशों के नाम लिखिये। (2)

प्रश्न 12. केबिनेट सचिव के दो मुख्य कार्य लिखिये। (2)

प्रश्न 13. लोक शिकायत निवारन के भारतीय उपकरण को लिखिये। (2)

**निर्देश– प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।**

प्रश्न 14. राष्ट्र और राष्ट्रीयता में तीन अंतर लिखिये। (3)

प्रश्न 15. लोकसभा के सदस्यों की योग्यता लिखिये। (3)

प्रश्न 16. मुख्यमंत्री के तीन कार्य लिखिये। (3)

प्रश्न 17. स्वस्थ जनमत निर्माण में आने वाली बाधा कोई तीन बिन्दुओं में लिखिये। (3)

प्रश्न 18. महिलाओं के आरक्षण का महत्व लिखिए। (3)

प्रश्न 19. राज्य सचिवालय के तीन कार्यों को लिखिये। (3)

**निर्देश– प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।**

प्रश्न 20. समानता के अधिकारको किसी चार बिन्दुओं के आधार पर वर्णन कीजिये। (4)

अथवा

मौलिक अधिकार न्याय संगत है इस कथन की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 21. भारतीय संघवाद की चार विशेषताएँ लिखिये। (4)

अथवा

केन्द्र और राज्य के विधायी संबंध को समझाइये।

प्रश्न 22. उपराष्ट्रपति के कार्यों को लिखिये। (4)

अथवा

मंत्रिमण्डल के कार्य एवं शक्तियों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 23. भारत में बढ़ते संप्रदायवाद के कारणों को लिखिये (वर्णन कीजिये)। (4)

अथवा

पर्यावरण जागरूकता हेतु राष्ट्रीय औरर अंतर्राष्ट्रीय प्रयास हेतु भारत की पर्यावरण नीति के उद्देश्य लिखिये।

**निर्देश– प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।**

प्रश्न 24. राज्य और सरकार में कोई पाँच अंतर लिखिये। (5)

अथवा

राज्य और राष्ट्र में कोई पाँच अंतर लिखिये।

प्रश्न 25. एक ध्रुवीय संसार के लक्षण में गृह युद्ध और आतंकवाद का वर्णन कीजिए। (5)

अथवा

संयुक्त राष्ट्र घोषण पत्र के उद्देश्यों व सिद्धांतों की व्याख्या कीजिये।

**निर्देश– प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 200 शब्द है।**

प्रश्न 26. आनुपातिक प्रतिनिधि प्रणाली की व्याख्या कीजिए। इसे निर्धारित करने के दो तरीको का उल्लेख कीजिये। (6)

अथवा

आनुपातिक प्रतिनिधित्व से अलग अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व को निर्धारित करने के किन्हीं चार तरीको का वर्णन कीजिये।

प्रश्न 27. श्रीलंका में पृथक्करण के कारणों की व्याख्या कीजिए। इस संदर्भ में भारत द्वारा इस समस्या को सुलझाने में किए गए प्रयासों का वर्णन कीजिये। (6)

अथवा

सोवियत संघ के साथ भारत के संबंधों का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।